# कार्यालय परियोजना प्रबंधक
## (ए.डी.बी.प्रोजेक्ट)
## छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना, लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)

(E-mail:- eemp.bilaspur.cg@nic.in) Phone – 07752-400946


ज्ञाप. क्रमांक 1010 / तक. / पी.24 / ए.डीबी / 2019–20 बिलासपुर दिनांक 11 / 7 / 2019

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
अरण्य भवन सेक्टर–19, नार्थ ब्लाक,
अटल नगर रायपुर (छ.ग.)

विषय :– **धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत Widening of Existing Road from Bakaruma-Lailunga Road (Package-24) के लिये कुल क्षेत्र 3.843 हे. वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत प्रस्ताव।**

संदर्भ :– आपका ज्ञाप क. भू–प्रबंध / विविध / एल.एम.–115–780 / क्यू.5 रायपुर, दिनांक शून्य / 06 / 2019.

—— 00 ——

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख का निवेदन है कि धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत Widening of Existing Road from Bakaruma-Lailunga Road (Package-24) के लिये **कुल क्षेत्र 3.843 हे.** वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत प्रस्ताव पूर्व में User Agency (ADB PWD Bilaspur) के कंसलटेन्ट लॉयन इंजिनीयरिंग कंसलटेन्ट भोपाल द्वारा दिनांक 29.04.2019 को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रस्ताव जमा किया गया था। ऑनलाईन आवेदन फार्म में (A-3 (I)) में जो नाम पूर्व में श्री पी. के. गुप्ता, परियोजना प्रबंधक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट बलौदाबाजार प्रस्तुत किया गया था। वास्तव मे उपरोक्त कार्य श्री एस.एस. मांझी, परियोजना प्रबंधक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट बिलासपुर के कार्यक्षेत्र में आता है एवं उपरोक्त मार्ग का वनमंडलाधिकारी वनमंडल धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ है।

लेख है कि छ.ग. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के ज्ञाप क. एफ. 17–165 / 2018 / 19 / ए.डी.बी. / लोन–3 / तक.–2 नया रायपुर दिनांक 06.08.2018 द्वारा बाकारूमा–लैलूंगा मार्ग पैकेज–24 के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 72.53 करोड़ प्रदाय की गई है।

कार्यालय वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ के ज्ञाप क. मा.चि. / 2018 / 762 दिनांक 09.02.2018 द्वारा (Wild Life Century/Elephant Coridore) नही होने संबंधी प्रमाण पत्र दिया गया है। परियोजना निदेशक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट, छ.ग. विकास परियोजना, लो.नि.वि., रायपुर का ज्ञाप क्रमांक 1236 / ए.डी.बी. / 2018 रायपुर दिनांक 17.04.2018 द्वारा बाकारूमा–लैलूंगा के FCA 1980 प्रस्ताव हेतु Authorization प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रदाय किया गया है।

कार्यालय वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ के ज्ञाप क. मा.चि. / 2018 / 3967 दिनांक 11.10. 2018 द्वारा परियोजना प्रबंधक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट बिलासपुर को DGPS Survey करने की अनुमति प्रदाय की गई है।



Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपके संदर्भित ज्ञाप क्रमांक के परिपालन में बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है –

1. उपरोक्त वनभूमि RF (आरक्षित वन) 3.678 हे. एवं PF (संरक्षित वन) 0.165 हे. क्षेत्र अंतर्गत आता है, जिसका कुल रकबा (3.678+0.165) = 3.843 हे. है।
2. पंजीयन एवं प्रसंस्करण शुल्क की राशि वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ के नाम से बनावने हेतु दिशानिर्देश प्रदान करने का कष्ट करेंगे।
1. उपरोक्त मार्ग में राजस्व वनक्षेत्र नही अंतर्गत आता है, अतः संबंधित कलेक्टर रायगढ़ से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही है। ए.डी.बी. बिलासपुर को Authorization प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है।
4. बिन्दू 4 के संबंध में परियोजना निदेशक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट, छ.ग. वकास परियोजना, लो.नि.वि., रायपुर का ज्ञाप क्रमांक 1236/ए.डी.बी./2018 रायपुर दिनांक 17.04.2018 संलग्न है।

कृपया उपरोक्त सुधार करते हुये User Agency (ADB PWD Bilaspur) के कंसलटेन्ट लॉयन इंजिनीयरिंग कंसलटेन्ट भोपाल का ऑनलाईन आवेदन फार्म में (A-3 (I)) पुनः मान्य करने का कष्ट करेंगे एवं पंजीयन तथा प्रसंस्करण शुल्क राशि हेतु पत्र इस कार्यालय को जारी करने का कष्ट करेंगे।

11/7/19

**सहपत्र :–** उपरोक्तानुसार।

**परियोजना प्रबंधक**
(ए.डी.बी. प्रोजेक्ट)
छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना
लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)

पृष्ठां. क्रमांक 1011/तक./पी.24/ए.डीबी/2019–20 बिलासपुर दिनांक 11/7/2019

**प्रतिलिपि :–**

1. परियोजना निदेशक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट छ.ग. सड़क विकास परियोजना, लो.नि.वि., सिरपुर भवन रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. कलेक्टर महोदय, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. वनमंडलाधिकारी, वनमंडल धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. लॉयन इंजिनीयरिंग कंसलटेन्ट भोपाल (म.प्र.) ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. श्री एस.के. चोलकर, सहायक परियोजना प्रबंधक, ए.डी.बी. प्रोजेक्ट, छ.ग. सड़क विकास परियोजना, लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. श्री प्रवीण शुक्ला, गुणवत्ता पर्यवेक्षक, ए.डी.बी. परियोजना, छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना, लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.) ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**सहपत्र :–** शून्य।

**परियोजना प्रबंधक**
(ए.डी.बी. प्रोजेक्ट)
छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना
लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)



Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़